# DAINIK BHASKAR

**MARCH 19, 2026**

दैनिक भास्कर

जयपुर सिटी भास्कर 19-03-2026

**कन्वोकेशन** राज्यपाल बागड़े ने किया स्टूडेंट्स को सम्मानित

## 3450 को दीं ग्रेजुएशन-पीएचडी डिग्री

सिटी रिपोर्टर • जयपुर




मानसरोवर स्थित आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के 11वें कन्वोकेशन सेरेमनी का आयोजन हुआ। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान कीं। डिप्टी सीएम दिया कुमारी विशिष्ट अतिथि रहीं। समारोह में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस सहित विभिन्न क्षेत्रों के कुल 3450 स्टूडेंट्स को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री दी गई। इस दौरान दिया कुमारी को भी 'सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा' के क्षेत्र में डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की गई। गौरतलब है कि इससे पहले एमिटी यूनिवर्सिटी और निम्स यूनिवर्सिटी भी उन्हें इस उपाधि से सम्मानित कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होती है। यह केवल ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि व्यक्तित्व का विकास करती है और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के चांसलर अमित गुप्ता, वाइस चांसलर प्रोफेसर टी. एन. माथुर और प्रो चांसलर ने संस्थान की उपलब्धियां साझा कीं।

# RAJASTHAN PATRIKA

**MARCH 19, 2026**

आइआइएस विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह

## 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट, 190 पीएचडी समेत 3451 छात्राओं को डिग्रियां

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** आइआइएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी छात्राओं को उपाधियां, स्वर्ण पदक एवं मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मौजूद रहीं। इस अवसर पर दीया कुमारी को शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, समाज सेवा एवं राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की कुल 3451 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट प्रमाण-पत्र, 190 पीएचडी उपाधियां एवं 41 न्यास पुरस्कार शामिल रहे।



### 'दीक्षांत' किसी यात्रा का अंत नहीं...

**राज्यपाल** हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि यह ज्ञान, संस्कार, नारी-स्वाभिमान और राष्ट्र-नवोन्मेष की समन्वित यात्रा का उत्सव है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि 'दीक्षांत' किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नए उत्तरदायित्वों से भरे जीवन की शुरुआत है। आज छात्राएं केवल उपाधि लेकर नहीं, बल्कि ज्ञान, स्वतंत्र सोच और कर्तव्यबोध के साथ समाज में प्रवेश कर रही हैं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने उद्बोधन में संस्था के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए स्मरण किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया। आइआइएस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टी. एन. माथुर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का प्रस्तुत की। उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने सभी विशिष्ट अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# FIRST INDIA

**MARCH 19, 2026**

IIS CONVOCATION

# Fearless, educated women nation's strength: Guv

First India Bureau

Jaipur

Governor Haribhau Bagade urged female students to adopt a positive mindset and highlighted the vital role of women's progress in societal development during the 11th Convocation Ceremony of IIS (Deemed to be University), Jaipur.

Citing Rani Lakshmibai as an example of courage, he emphasised that determination can overcome any challenge, regardless of age. Governor Bagade called on students to remain fearless and focus on intellectual growth to excel in their pursuits.




SUNIL SHARMA

Governor Haribhau Bagade presents D Litt degree to Deputy CM Diya Kumari at the IIS Jaipur convocation. (L-R) Vice Chancellor TN Mathur, Chancellor Amit Gupta, and Pro Chancellor Sumit Gupta.

**Deputy CM Diya Kumari received an honorary degree for her social contributions, noting that education is key to national development and stressing the importance of empowering girls through learning and opportunities for overall societal progress**

Deputy Chief Minister Diya Kumari was honoured with an honorary degree for her social and community contributions. She stressed that education is the foundation of national development and highlighted the importance of empowering girls through education and opportunities.

The convocation ceremony saw 3,450 students awarded PhD, undergraduate, and postgraduate degrees across Arts, Commerce, and Science disciplines. Academic excellence was also recognised with special honours.

# DAINIK NAVJYOTI

**MARCH 19, 2026**

# दैनिक नवज्योति

Jaipur City - 19 Mar 2026 - Page 10

## आईआईएस दीक्षांत समारोह में बांटी डिग्रियां

**ब्यूरो/ नवज्योति, जयपुर।** आईआईएस के 11वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों की 3451 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट प्रमाण पत्र, 190 पीएचडी उपाधियां और 41 न्यास पुरस्कार शामिल थे। शैक्षणिक सत्र 2022-23ए, 2023-24 एवं 2024-25 की छात्राओं को उपाधियां देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि यह ज्ञान संस्कार, नारी स्वाभिमान और राष्ट्र नवोन्मेष की समन्वित यात्रा का उत्सव है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, समाज सेवा एवं राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। कुलगुरु अमित गुप्ता ने कहा विदाई नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है।



# SAMACHAR JAGAT

**MARCH 19, 2026**



## आईआईएस विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह

# 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट, 190 पीएचडी समेत 3451 छात्राओं को उपाधियां

■ उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित

समाचार जगत न्यूज

**जयपुर.** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर में 11वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी छात्राओं को उपाधियां, स्वर्ण पदक एवं मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाउ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, समाज सेवा एवं राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न संकायों एवं विभागों की कुल 3451 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट प्रमाण-पत्र, 190 पीएचडी उपाधियां एवं 41 न्यास पुरस्कार (ENDOWMENT AWARDS) शामिल रहे। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता का प्रतीक है। मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में राज्यपाल श्री हरिभाउ किसनराव बागड़े ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि यह ज्ञान, संस्कार, नारी-स्वाभिमान और राष्ट्र-नवोन्मेष की समन्वित यात्रा का उत्सव है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों से महिला शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित आईआईएस विश्वविद्यालय एक ऐसी जीवंत शैक्षणिक परंपरा का प्रतीक है, जहाँ ज्ञान केवल अर्जित नहीं किया जाता, बल्कि उसे संवारा और समाजोपयोगी दिशा दी जाती है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि "'दीक्षांत' किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नए उत्तरदायित्वों से भरे जीवन की शुरुआत है। आज छात्राएं केवल उपाधि लेकर नहीं, बल्कि ज्ञान, स्वतंत्र सोच और कर्तव्यबोध के साथ समाज में प्रवेश कर रही हैं।" विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने उद्बोधन में संस्था के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए स्मरण किया। उन्होंने छात्राओं को महिला शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने, समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व निभाने तथा अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा महिला शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया।

**मुस्कान राठौड़ को मिला गोल्ड मेडल**

दीक्षांत समारोह में वाइस चांसलर प्रोफेसर टी एन माथुर और प्रो चांसलर सुमित गुप्ता ने पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स शिव सरस्वती मेमोरियल गोल्ड मेडल मुस्कान राठौड़ को प्रदान किया।

# MAHANAGAR TIMES

**MARCH 19, 2026**

जयपुर
महानगर टाइम्स
epaper.mahanagartimes.com
19 Mar 2026 - Page 4

### आईआईएस यूनिवर्सिटी के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह का आयोजन

# महिलाएं अपनी अंतर्निहित शक्ति का उपयोग राष्ट्र विकास में करें : बागडे



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि महिला अबला नहीं सबला हैं। मन में ठानकर महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी समाज तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ेगा।

राज्यपाल बागडे बुधवार को आईआईएस यूनिवर्सिटी के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को याद करते हुए कहा कि मात्र बीस वर्ष की उम्र में उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी थी। उम्र मायने नहीं रखती। मन यदि बना लें तो बड़ी से बड़ी बाधा से मुकाबला कर सकती हैं। राज्यपाल ने निडरता से सकारात्मक सोच रखते हुए छात्राओं को जीवन के हर क्षेत्र में अग्रणी रहने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, विद्यार्थी को एकाग्रता से पढ़ने के लिए प्रेरित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र समृद्धि हम सभी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। राज्यपाल ने लार्ड मैकाले द्वारा देश में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को लागू कर गुलाम मानसिकता का निर्माण करने की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से शिक्षा की वही पद्धति चली आ रही थी। केंद्र सरकार ने देश को फिर से उसकी ज्ञान परंपरा से उन्नत करने के लिए नई शिक्षा नीति लागू की। यह नीति भारत को विश्वगुरु बनाने के भाव से जुड़ी है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत ऐसी शिक्षा दिए जाने पर जोर दिया, जिससे देश के पास मौजूद 240 करोड़ हाथों का इस्तेमाल राष्ट्र को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए।




### डिप्टी सीएम दीयाकुमारी को डी.लिट की मानद उपाधि

राज्यपाल बागडे ने दीक्षांत समारोह में उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी को आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को दीक्षांत अवसर पर स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान कीं।

### 'महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा'

उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने अपने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने बालिका शिक्षा को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा के साथ अवसर प्रदान करने की सोच से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने छात्राओं को भविष्य के अवसरों का भरपूर उपयोग करने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. अशोक गुप्ता का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा के लिए संस्थान की स्थापना कर उन्होंने अनुकरणीय पहल की। चांसलर अमित गुप्ता और कुलगुरु टीएन माथुर ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# SACH BEDHADAK

**MARCH 19, 2026**

दीक्षांत समारोह | आईआईएस विश्वविद्यालय ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को दी डी.लिट. की मानद उपाधि

## 3451 छात्राओं को दीं उपाधियां, पदक और प्रमाण-पत्र

बेधड़क | जयपुर



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की मानद उपाधि प्रदान करते राज्यपाल हरिभाऊ बागडे।



दीक्षांत समारोह में बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान की छात्रा मुस्कान राठौड़ को शिव-सरस्वती मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। समारोह में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, समाज सेवा और राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की कुल 3451 छात्राओं को उपाधियां, स्वर्ण पदक और मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ बागडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मौजूद रहीं। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न संकायों एवं विभागों की 3451 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट प्रमाण-पत्र, 190 पीएचडी उपाधियां एवं 41 न्यास पुरस्कार शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने की। कुलगुरु प्रो. टी. एन. माथुर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# BUSINESS REMEDIES

**MARCH 19, 2026**

# आईआईएस विवि. के 11वें दीक्षांत समारोह में 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट, 190 पीएचडी समेत 3451 छात्राओं को उपाधियां

बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर

**उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित**




आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी छात्राओं को उपाधियां, स्वर्ण पदक एवं मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, समाज सेवा एवं राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न संकायों एवं विभागों की कुल 3451 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट प्रमाण-पत्र, 190 पीएचडी उपाधियां एवं 41 न्यास पुरस्कार शामिल रहे। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता का प्रतीक है।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि यह ज्ञान, संस्कार, नारी-स्वाभिमान और राष्ट्र-नवोन्मेष की समन्वित यात्रा का उत्सव है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों से महिला शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित आईआईएस विश्वविद्यालय एक ऐसी जीवंत शैक्षणिक परंपरा का प्रतीक है, जहाँ ज्ञान केवल अर्जित नहीं किया जाता, बल्कि उसे संवारा और समाजोपयोगी दिशा दी जाती है।उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि 'दीक्षांत' किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नए उत्तरदायित्वों से भरे जीवन की शुरुआत है। आज छात्राएं केवल उपाधि लेकर नहीं, बल्कि ज्ञान, स्वतंत्र सोच और कर्तव्यबोध के साथ समाज में प्रवेश कर रही हैं।

विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने उद्बोधन में संस्था के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए स्मरण किया। उन्होंने छात्राओं को महिला शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने, समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व निभाने तथा अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा महिला शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गुप्ता ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्नातक होना विदाई नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के साथ सदैव जुड़ा रहेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। आईआईएस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टी. एन. माथुर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण किया तथा उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने सभी विशिष्ट अतिथियों, छात्राओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# MORNING NEWS

**MARCH 19, 2026**

आईआईएस का 11वां दीक्षांत समारोह

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को डी.लिट. की उपाधि



**जयपुर ( मॉर्निंग न्यूज )।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया। आईआईएस. (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर की ओर से विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस सम्मान के लिए राज्यपाल और विश्वविद्यालय का आभार जताया।

**3450 विद्यार्थियों को दी डिग्रियां :** दिया कुमारी ने विश्वविद्यालय के दिवंगत संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को याद किया। समारोह में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस सहित विभिन्न क्षेत्रों में पीएचडी, स्नातक तथा स्नातकोत्तर की डिग्रियां कुल 3450 विद्यार्थियों को दी गईं। साथ ही विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद वाइस चांसलर प्रोफेसर टी. एन. माथुर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। प्रो चांसलर सुमित गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में प्रो वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता सहित एग्जीक्यूटिव और अकेडमिक काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# HAMARA SAMACHAR

**MARCH 19, 2026**

## आईआईएस विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोहः 3451 छात्राओं को उपाधियां

हमारा समाचार




जयपुर। आईआईएस विश्वविद्यालय (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर में 11वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की कुल 3451 छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 142 स्वर्ण पदक, 710 मेरिट प्रमाण-पत्र, 190 शोध (पीएचडी) उपाधियां तथा 41 न्यास पुरस्कार शामिल रहे। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर दीया कुमारी को शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और समाज सेवा में योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्ति नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है। वहीं उपमुख्यमंत्री ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति अमित गुप्ता ने की। कुलपति प्रो. टी.एन. माथुर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा उप-कुलाधिपति सुमित गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# DAINIK JALTEDEEP

**MARCH 19, 2026**

**आईआईएस यूनिवर्सिटी का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह**

# महिलाएं अपनी अंतर्निहित शक्ति का उपयोग राष्ट्र विकास में करें : राज्यपाल

- **राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को डिलीट की मानद उपाधि से सम्मानित किया**

**दैनिक जलतेदीप, जयपुर**




राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि महिला अबला नहीं सबला हैं। यह मन में लाकर यदि महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी समाज तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ेगा।

राज्यपाल बागडे बुधवार को आईआईएस यूनिवर्सिटी के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं है। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को याद करते हुए कहा कि मात्र बीस वर्ष की उम्र में उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी थी। उम्र कोई मायने नहीं रखती। मन यदि बना लें तो किसी भी बाधा से मुकाबला किया जा सकता है।

राज्यपाल ने निडरता के साथ सकारात्मक सोच रखते हुए छात्राओं को जीवन के हर क्षेत्र में अग्रणी रहने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, विद्यार्थी को एकाग्रता से पढ़ने के लिए प्रेरित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र समृद्धि हम सभी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।

राज्यपाल ने लार्ड मैकाले द्वारा देश में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को लागू कर देश में गुलाम मानसिकता का निर्माण करने की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से शिक्षा की वही पद्धति चली आ रही थी। भारत सरकार ने भारत को फिर से उसकी ज्ञान परंपरा से उन्नत करने के लिए नई शिक्षा नीति को देश में लागू किया। यह नीति भारत को विश्वगुरु बनाने के भाव से जुड़ी है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत ऐसी शिक्षा दिए जाने पर जोर दिया जिससे देश के पास मौजूद 240 करोड़ हाथों के जरिए राष्ट्र को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। इससे पहले राज्यपाल बागडे ने दीक्षांत समारोह में प्रदेश की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी को आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डिलीट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को दीक्षांत अवसर पर स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की। उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने अपने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने बालिका शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तभी समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा के साथ अवसर प्रदान करने की सोच से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज

# PUNJAB KESARI

**MARCH 19, 2026**

# दीक्षांत समारोह में हजारों छात्रों को मिलीं डिग्रियां

## ■ आईआईएस विश्वविद्यालय ने दिया कुमारी को दी मानद डीलिट उपाधि

जयपुर, 18 मार्च (ब्यूरो): आईआईएस विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में डीलिट, मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह उनके लिए तीसरी मानद उपाधि है, इससे पहले एमिटी यूनिवर्सिटी और निम्स यूनिवर्सिटी भी उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं।

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा कि महिलाएं अबला नहीं, सबला हैं, संकल्प और आत्मविश्वास से वे समाज को नई दिशा दे सकती हैं। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का उदाहरण देते हुए युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। समारोह में 3450 विद्यार्थियों को पीएचडी, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रियां प्रदान की गईं। स्वागत चांसलर अमित गुप्ता ने किया, जबकि वाइस चांसलर प्रोफेसर टी.एन.माथुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।




*जयपुर : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को डीलिट की उपाधि देते राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े।*

# RASHTRADOOT

**MARCH 19, 2026**


## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को मानद उपाधि




जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को राज्यपाल, हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में डी.लिट्. (मानद) उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर द्वारा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल, हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिया कुमारी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहीं। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को यह तीसरी मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व, उन्हें एमिटी यूनिवर्सिटी और निम्स यूनिवर्सिटी से भी इस उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। समारोह में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस सहित विभिन्न क्षेत्रों में पीएचडी, स्नातक तथा स्नातकोत्तर की डिग्रियां कुल 3450 विद्यार्थियों को प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता, वाइस चांसलर प्रोफेसर टी. एन. माथुर, प्रो. चांसलर सुमित गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता मौजूद थे।